भावना – बुजुर्गों का परिवार

# भारतीय वरिष्ठ नागरिक समिति

ofj"B ukxfjdks rFkk fucy ,oa vlgk; tuksa dh fgrksa dk lefiZr vf[ky Hkkjrh; lektlsoh lfefrA
सोसायटीज़ रजिस्ट्रेशन ऐक्ट, 1860 के अन्तर्गत लखनऊ में पंजीकृत। iath;u l[;k % 662@2000&01

पंजीकृत कार्यालय : पी2–1010, चंद्रा पैनोरमा, सुशांत गोल्फ़ सिटी, शहीद पथ, लखनऊ–226030, उ.प्र., भारत
फोनः +91–9335902137 वेबसाइटः www.bhavanaindia.org ई.मेलः bhavanasindia@gmail.com


पत्रांकः भावना/ए.जी.एम.–26/476 दिनांकः 09.04.2026

## भावना का 26वां वार्षिक अधिवेशन

**सभास्थल–** इन्स्टीट्यूशन आफ इंजीनियर्स (इंडिया) के उत्तर प्रदेश स्टेट–सेण्टर रिवर बैक कालोनी, लखनऊ।

**समय :** दिनांक 16.03.2026 दिन सोमवार प्रातः 11.00 बजे।

**उपस्थितिः** समिति के प्राणवान कुल सदस्यों 959 में से 103 सदस्य (प्रोक्सी सहित) सभा में उपस्थित थे। कोरम पूर्ण।

## वार्षिक आम सभा की कार्यवाही का विवरण

1. अधिवेशन के उद्घाटन सत्र के कार्यक्रम का संचालन भावना के महासचिव प्रशासन श्री जगमोहन लाल जायसवाल द्वारा किया गया।

2. संचालक महोदय के अनुरोध पर भावना के अध्यक्ष श्री रामलाल गुप्ता जी मुख्य अतिथि श्री राजनारायण सिंह जी आई.ए0एस0 (से0नि0), संरक्षक न्यायमूर्ति कमलेश्वर नाथ जी, संरक्षक एवं संस्थापक सदस्य श्री विनोद कुमार शुक्ला जी, संरक्षक एवं संस्थापक सदस्य श्री सुशील शंकर सक्सेना जी, अध्यक्ष वरिष्ठ नागरिक महासमिति श्री श्याम पाल सिंह जी, हेल्पेज इंण्डिया के स्टेट हेड श्री अनूप पन्त जी, भावना के प्रमुख महासचिव श्री सुधीर कुमार वर्मा जी द्वारा मंच पर आसन ग्रहण किया गया तथा सभा में उपस्थिति सदस्यों ने करतल ध्वनि से स्वागत किया।

3. कार्यक्रम का शुभारम्भ, मुख्य अतिथि, भावना के अध्यक्ष एवं मंच पर विराजमान सभी अतिथियों तथा पदाधिकारियों द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। मंत्रोच्चार संचालक महोदय ने किया तथा भगवान गणेश की वन्दना से कार्यक्रम प्रारम्भ किया गया।

4. सांस्कृतिक प्रकोष्ठ के नेतृत्व में कार्यक्रम में उपस्थित सभी सदस्यों द्वारा खड़े होकर संकल्प गीत का समवेत गायन किया गया।

5. सभा में पधारे हुए मुख्य अतिथि श्री राजनारायण सिंह जी का अध्यक्ष श्री रामलाल गुप्ता जी ने, न्यायमूर्ति कमलेश्वर नाथ जी का वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्री टी0एन0 कनौजिया जी ने, संरक्षक श्री विनोद कुमार शुक्ला जी का महासचिव कार्यान्वयन श्री प्रभात किरण चौरसिया जी ने संरक्षक श्री सुशील शंकर सक्सेना जी का महासचिव एडवोकेसी श्री सतपाल सिंह जी ने, श्री अनूप पन्त जी का प्रमुख महासचिव श्री सुधीर कुमार वर्मा जी ने, महासमिति के अध्यक्ष श्री श्यामपाल सिंह जी का उपाध्यक्ष श्री अशोक कुमार मल्होत्रा जी द्वारा शॉल धारण कराकर तथा पुष्प–गुच्छ भेंटकर सम्मानित किया। अध्यक्ष महोदय ने विचार व्यक्त किया कि यह कार्यक्रम भावना का है। अतः भावना के पदाधिकारियों का स्वागत शाल द्वारा नहीं किया जाना चाहिए। अतः अध्यक्ष श्री रामलाल गुप्ता जी का श्री जगमोहनलाल जायसवाल महासचिव प्रशासन द्वारा श्री सुधीर कुमार वर्मा जी का श्री उपेन्द्र कुमार बाजपेई द्वारा केवल पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया गया।

6. भावना के राष्ट्रीय अध्यक्ष द्वारा अपने स्वागत उद्बोधन द्वारा मुख्य अतिथि, विशिष्ट अतिथियों, उपस्थित सदस्यों, विद्यालयों के प्रतिनिधियों तथा मीडिया के प्रतिनिधियों का स्वागत किया गया। अध्यक्ष महोदय द्वारा भावना की गतिविधियों तथा क्रियाकलापों के सम्बन्ध में अवगत कराया गया, सभी का अभिनन्दन किया गया एवं मुख्य अतिथि महोदय के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी दी गई।

7. भावना के प्रमुख महासचिव श्री सुधीर कुमार वर्मा जी द्वारा वर्ष 2025–26 का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया जिसमें भावना के निम्नलिखित प्रकोष्ठों द्वारा किये गये कार्यों का विस्तृत विवरण दिया गया।

1. बाह्य सम्पर्क प्रकोष्ठ
2. शिक्षा सहायता प्रकोष्ठ
3. ग्राम्यांचल एवं निर्धन जन सेवा प्रकोष्ठ
4. सहयोग एवं सेवा प्रकोष्ठ
5. वैकल्पिक चिकित्सा प्रकोष्ठ
6. प्रसादम सेवा प्रकोष्ठ
7. सांस्कृतिक कार्य प्रकोष्ठ
8. महिला सशक्तिकरण प्रकोष्ठ पर्यावरण संरक्षण प्रकोष्ठ
9. सम्पादन (भावना सन्देश) प्रकोष्ठ
10. संसाधन प्रबन्ध प्रकोष्ठ
11. पर्यावरण संरक्षण प्रकोष्ठ
12. अनौपचारिक शिक्षा प्रकोष्ठ

महासचिव के प्रतिवेदन की प्रति सभी सदस्यों को उपलब्ध कराई गई थी। बैठक में उपस्थित सदस्यों से अनुरोध किया गया कि अधिवेशन के आन्तरिक सत्र में अपने विचार रखें ताकि सदन के मतानुसार आगामी वर्ष 2026–27 के लिये कार्यक्रमों का निर्धारण किया जा सके।

8. भावना की शिक्षा सहायता योजना के अन्तर्गत सम्बन्धित विद्यालयों के प्रतिनिधियों को शिक्षा सहायता की द्वितीय किश्त प्रदान की गई। इसके अतिरिक्त कु0 आकृति मौर्या को

व्यवसायिक शिक्षा बी0टेक0 के छठे सेमेस्टर की शिक्षा सहायता प्रदान की गयी।

9. भावना की त्रैमासिक पत्रिका भावना सन्देश के सम्पादक श्री राम सजीवन शुक्ला द्वारा रचित पुस्तक 'स्वरा' का मंचासीन अतिथियों एवं पदाधिकारियों द्वारा विमोचन कराया गया। अपनी पुस्तक 'स्वरा' के सम्बन्ध में श्री रामसवजीवन शुक्ला जी ने अपने उद्‌गार व्यक्त किये।

10. भावना के पदाधिकारियों एवं सहयोगियों द्वारा किये गये कार्यों तथा सहयोग के आधार पर निम्नलिखित व्यक्तियों को मेमेण्टो तथा प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।

    1. श्री विनोद कुमार शुक्ला जी – (संरक्षक) **सर्वोत्तम**
    2. श्री अशोक कुमार पाण्डेय (ब्रिगेडियर से0नि0) संरक्षक–**सर्वोत्तम**
    3. श्री अशोक कुमार अग्रवाल (ऑर्किटेक्ट) सहयोगी–**सर्वोत्तम**
    4. श्री सुधीर कुमार वर्मा – प्रमुख महासचिव–**अति उत्तम**
    5. श्री जगमोहन लाल जायसवाल–महासचिव प्रशासन– **अति उत्तम।**
    6. श्री सतपाल सिंह– महासचिव एडवोकेसी–**उत्तम**
    7. श्री प्रभात किरण चौरसिया – महासचिव कार्यान्वयन–**उत्तम**
    8. श्री अनिल कुमार शर्मा– अध्यक्ष नेडा (शाखा) **उत्तम**
    9. श्री राम सजीवन शुक्ला– सम्पादक भावना सन्देश – **उत्तम**
    10. श्री उपेन्द्र कुमार बाजपेयी– सचिव सांस्कृतिक प्रकोष्ठ–**उत्तम**

11. भावना की परम्परा रही है कि वार्षिक अधिवेशन में 80 वर्ष तथा अधिक आयु प्राप्त कर चुके सदस्यों को सम्मानित किया जाता है। परम्परानुसार निम्नलिखित सदस्यों को माल्यार्पण कर तथा शाल धारण कराकर सम्मानित किया गया।

| | | |
|---|---|---|
| 1. श्री विनोद कुमार अग्रवाल | V-19/269 | 07-09-1942 |
| 2 इं0 अमरनाथ धवन | A-115/1115 | 20.12.1944 |
| 3. इं0 द्वारिकाधीश वाधवा | D-44/1140-V | 14.11.1943 |
| 4. इं0 शिवनारायण अग्रवाल | S-117/544-V | 12-04-1942 |
| 5. श्री कुंवर बहादुर माथुर | K-29/507 | 04.02.1941 |

12. मंच पर विराजमान संरक्षकों तथा विशिष्ट अतिथियों तथा मुख्य अतिथि ने अपने वक्तव्य में भावना के द्वारा किये जा रहे कार्यों की भूरि–भूमि प्रशंसा की तथा समाज सेवा तथा लोक कल्याणकारी कार्यों की सराहना की।

13. उपाध्यक्ष प्रथम द्वारा सभा में पधारे हुए सभी सदस्यों एवं महानुभावों का धन्यवाद ज्ञापन किया। भावना के सभी सदस्य तथा पदाधिकारी जिनके प्रयासों से छब्बीसवाँ वार्षिक अधिवेशन सुचारू रूप से सफलतापूर्वक आयोजित किया गया सभी को धन्यवाद दिया एवं आभार प्रदर्शित किया तथा सभा में उपस्थित सभी व्यक्तियों को मध्यान्ह भोजन पर आमंत्रित किया।

**द्वितीय आन्तरिक सत्र 2.30 बजे**

सामूहिक स्नेह भोजन के उपरान्त माननीय मुख्य अतिथि विशिश्ट अतिथ्यिों को सम्मानपूर्वक विदा करने के उपरान्त द्वितीय आन्तरिक सत्र का शुभारंभ किया गया। भावना के महासचिव प्रशासन द्वारा आन्तरिक सत्र का संचालन किया गया।

1. भावना के अध्यक्ष श्री रामलाल गुप्ता जी, संरक्षक एवं संस्थापक श्री विनोद कुमार शुक्ला जी एवं श्री सुशील शंकर सक्सेना जी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्री तुंग नाथ कनौजिया जी, उपाध्यक्ष प्रथम श्री देवेन्द्र स्वरूप शुक्ला जी, उपाध्यक्ष ,द्वितीय श्री अशोक कुमार मल्होत्रा जी, प्रमुख महासचिव श्री सुधीर कुमार वर्मा जी को करतल ध्वनि से आसन ग्रहण कराया गया तथा अध्यक्ष महोदय की अनुमति से सभा की कार्यवाही प्रारम्भ की गई।

2. महासचिव प्रशासन द्वारा दिनांक 12.02.2025 को आयोजित किये 25वें वार्षिक अधिवेशन के कार्यवृत्त को पढ़कर सुनाया गया एवं सदस्यों से कोई टिप्पणी प्राप्त प्राप्त न होने पर कार्यवृत्त का अनुमोदन किया गया।

3. प्रमुख महासचिव द्वारा अधिवेशन में प्रस्तुत किये गये प्रतिवेदन पर विस्तृत विचार विमर्श के उपरान्त सदस्यों द्वारा करतल ध्वनि से अनुमोदन किया गया।

4. कोषाध्यक्ष श्री चन्द्रशेखर आजाद जी द्वारा 2024–25 की ऑडिटेड बैलेन्सशीट प्रस्तुत की गयी। वर्ष 2024–25 के लिये आम सभा द्वारा निर्धारित आय–व्यय के विवरण के सापेक्ष वास्तविक आय–व्यय का विवरण प्रस्तुत किया गया, जिसे सभा द्वारा अनुमोदित किया गया।

5. कोषाध्यक्ष महोदय द्वारा वर्ष 2026–27 के प्रस्तावित बजट को प्रस्तुत किया, जिसे सभा द्वारा पुष्टिकरण किया गया।

6. प्रबन्धकारिणी में रिक्त पदों पर चर्चा के सम्बन्ध अवगत कराया गया कि विभिन्न प्रकोष्ठों के मनोनीत सदस्यों का भावना की नियमावली के अनुसार एक वर्ष का मनोनयन समाप्त हो गया है। अतः पुनः मनोनयन कर लिया जाय। यह भी निर्णय लिया गया कि प्रकोष्ठों में कार्य करने हेतु इच्छुक सदस्य 15.04.2026 तक अपनी सहमति अध्यक्ष महोदय को अवश्य प्रेषित कर दें।

7. संस्था की आर्थिक स्थिति सुदृढ़ करने के लिये तया किया गया कि संस्था का प्रतयेक सदस्य काम से कम दो सदस्य अवश्य बनाये।

8. **अध्यक्ष महोदय की अनुमति से अन्य प्रस्ताव–**

    1. श्री अशोक कुमार मल्होत्रा जी ने प्रस्ताव दिया कि जो सूचनायें पी0डी0एफ0 में दी जाती हैं, उनमें पी0डी0एफ0 के

नीचे सारांश भी दिया जाय, जिससे सदस्य उसे खोल कर सूचनायें प्राप्त कर सके। इसे स्वीकार किया गया।

2. 80 वर्ष से अधिक आयु वाले सदस्यों की अधिवेशन में आने की संख्या कम हो रही है। बढ़ाने का प्रयास किया जाय।

3. 80 वर्ष से अधिक की आयु वाले जिन सदस्यों का सम्मान किया जाना है उनसे रजिस्ट्रेशन शुल्क न लिया जाय। इसे स्वीकार किया गया।

4. सदस्यों की सदस्यता सूची में अनेकों सदस्यों के पते बदल गये हैं। लैण्डलाइन नम्बर काम नहीं कर रहा है, मोबाइल नम्बर भी बदल गये हैं, इनमें सुधार किया जाय। इस विन्दु पर प्रमुख महासचिव ने बताया कि वह तीन–चार महीने में सभी से सम्पर्क कर लेंगे। इस कार्य हेतु उन्हें 6 महीने का समय दिया गया।

5. महासचिव एडवोकेसी श्री सतपाल सिंह जी ने प्रस्तावित किया कि प्रबन्धकारिणी का प्रत्येक सदस्य हर महीने 1000/– रूपये (एक हजार रूपये) भावना को स्वेच्छापूर्वक दान करें। इस पर विस्तृत विचार विमर्श के उपरान्त प्रस्ताव को स्वीकार नहीं किया गया।

6. संरक्षक श्री सुशील शंकर सक्सेना जी ने प्रस्तावित किया कि आजीवन सदस्यता अवधि 20–25 वर्ष की जानी चाहिए। इस प्रस्ताव को व्यवहारिक न पाये जाने के कारण स्वीकार नहीं किया गया।

7. संरक्षक श्री विनोद कुमार शुक्ला जी ने अवगत कराया कि अभी तक दो वर्ष पुरानी सदस्यता सूची ही चल रही है इसे अद्यतन किया जाना चाहिए। इस पर श्री सुधीर कुमार वर्मा जी ने आश्वासन दिया कि वह इसे 15.04.2026 तक अद्यतन कर देंगे।

9. अन्य कोई प्रस्ताव नहीं होने पर प्रमुख महासचिव द्वारा धन्यवाद ज्ञापन किया गया, सभा समाप्ति की घोषणा की गयी तथा सभी सदस्यों को चाय पर आमंत्रित किया गया।

(जगमोहन लाल जायसवाल)
महासचिव प्रशासन

(रामलाल गुप्ता)
अध्यक्ष

पत्रांक‘ भावना/ए.जी.एम.–26/476 दिनांकः 09.0.2026

प्रतिलिपि श्री अनिल कुमार शर्मा अध्यक्ष राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एन.सी.आर.) शाखा एवं भावना के सभी पदाधिकारियों की सेवा में इस अनुरोध के साथ प्रेषित है कि कृपया स्वयं से सम्बन्धित विन्दुओं पर समयबद्ध कार्यवाही करना सुनिश्चित करें।

(जगमोहन लाल जायसवाल)
महासचिव प्रशासन